जागरण

IIT Bhubaneswar: अब नहीं रहेगी डिटेल्ड एग्जाम ऑनलाइन आयोजित करने में कोई सीमा, आईआईटी भुवनेश्वर ने विकसित किया नया सिस्टम

IIT Bhubaneswar सीबीटी में छात्रों को किसी निर्धारित केंद्र पर उपलब्ध कराये गये कंप्यूटर पर परीक्षा देनी होती है लेकिन इसमें छात्र घर बैठे परीक्षा दे सकता है।

नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। IIT Bhubaneswar: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने कोविड-19 महामारी के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों में वार्षिक, सेमेस्टर या सत्रांत परीक्षाओं को सोशल डिस्टैंसिंग के पालन में ऑनलाइन कंडक्ट कराने के लिए एक नया सिस्टम तैयार किया है। इस सिस्टम के जरिए विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए न सिर्फ डिटेल्ड एग्जाम को ऑनलाइन आयोजित किया जा सकता है, बल्कि क्लास डेस्ट और ईंड-सेमेस्टर एग्जाम भी ऑनलाइन किया जा सकते हैं।

आईआईटी भुवनेश्वर द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार मौजूदा ऑनलाइन एग्जाम सिस्टम की कई सीमाएं हैं, जैसे यह सिर्फ कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के लिए ठीक है न कि विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों पर

आधारित पारंपरिक परीक्षाओं के लिए, किसी प्रतिष्ठित संस्थान की परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए जरूरी सुरक्षात्मक रूप से मजबूत सिस्टम की कमी और निरीक्षण एवं कनेक्शन की विश्वसनीयता आदि। इन सभी को ध्यान में रखते हुए नया सिस्टम डेवेलप किया गया नया सिस्टम सुरक्षात्मक रूप से मजबूत है और इसका प्रयोग कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट से लेकर विस्तृत उत्तरीय प्रश्नों पर आधारित पारंपरिक परीक्षाओं को भी कंडक्ट किया जा सकता है।

भुवनेश्वर स्थित शीर्ष प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित नये सिस्टम में ऑनलाइन एग्जाम के लिए मौजूदा सिस्टम जैसे व्हीबॉक्स का भी प्रयोग किया जाता है। इस सिस्टम में एक वर्चुअल एग्जामिनेशन हॉल डेवेलप होता है, एक्चुअल इन्वीजीलेटर्स, प्रश्न-पत्रों का ऑनलाइन वितरण और उत्तर पुस्तिकाओं की सॉफ्ट कॉपियों का सबमिशन किया जा सकता है। साथ ही, इन उत्तर पुस्तिकाओं की जरूरत पड़ने पर प्रिंटिंग भी की जा सकती है।

आईआईटी भुवनेश्वर के ऑनलाइन एग्जाम सिस्टम में क्लाइंट सर्वर मॉडल का इस्तेमाल किया जाता है जिसमें छात्र विश्व के किसी भी कोने से परीक्षा में बैठ सकता है। विश्वसनीयता और भरोसेमंद निरीक्षण के लिए सिस्टम में दो यो अधिक नेटवर्क कनेक्शन का उपयोग किया जा सकता है।

सीबीटी के वर्तमान सिस्टम, जिसमें छात्रों को किसी एक निर्धारित केंद्र पर उपलब्ध कराये गये कंप्यूटर्स पर परीक्षा देनी होती है, से अलग छात्र घर बैठे या कहीं से भी परीक्षा दे सकता है।